**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान**

**निदेशक कार्यालय**

फा.सं.40-30/2022-स्था.I 03.02.2024

**कार्यालय आदेश**

**विषय: एम्स, नई दिल्ली में 'आयुष्मान सुविधा केन्द्रों' की स्थापना संबंधी।**

एम्स, नई दिल्ली आयुष्मान भारत प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) को प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिबद्ध है तथा इसके लिए विभिन्न सक्रिय कदम उठाए गए हैं (संबंधित कार्यालय ज्ञापनों की प्रतिलिपि संलग्न है)।

अब एबी-पीएमजेएवाई योजना के अंतर्गत सेवाओं को और अधिक सरल एवं सुविधाजनक बनाने के लिए, यह निर्णय लिया गया है कि दिनांक 31 मार्च 2024 तक एम्स, नई दिल्ली के सभी ब्लॉकों एवं केन्द्रों में 'आयुष्मान सुविधा केंद्र (एएसके)' क्रियाशील किए जाएं। इन 'आयुष्मान सुविधा केन्द्रों' को ब्लॉक/केंद्र में ऐसे स्थान पर बनाया जाए ताकि उन तक आसानी से पहुंचा जा सके तथा एबी-पीएमजेएवाई योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के लिए सभी रोगियों तथा उनके परिचरों को एक ही स्थान पर जाना पड़े। 'आयुष्मान सुविधा केंद्र' को 24x7 आधार पर 'आयुष्मान मित्रों' द्वारा संचालित किया जाएगा तथा संबंधित ब्लॉक/केंद्र में आने वाले रोगियों की एबी-पीएमजेएवाई योजना के तहत कवरेज स्थिति को सत्यापित करने तथा इस योजना के लाभार्थियों को एबी-पीएमजेएवाई के अंतर्गत सभी सेवाएं प्रदान करने के लिए सभी सुविधाएं होंगी।

**[कार्रवाई: प्रभारी आचार्य - (एबी-पीएमजेएवाई)]**

**प्रो. एम. श्रीनिवास**
निदेशक

**वितरण:** (इसे अपने नियंत्रणाधीन सभी अधिकारियों/स्टाफ को भी परिचालित करने के अनुरोध सहित)

1. संकायाध्यक्षगण (शैक्षिक, अनुसंधान, परीक्षा)
2. अपर निदेशक (प्रशासन)
3. चिकित्सा अधीक्षक (एम्स)
4. सभी केंद्रों के प्रमुखगण/अध्यक्ष, एनसीआई झज्जर
5. सभी विभागाध्यक्षगण
6. वरिष्ठ वित्त सलाहकार
7. प्रभारी-आचार्य; कंप्यूटर सुविधा

**(नोट:- किसी भी विवाद की स्थिति में इस कार्यालय ज्ञापन का अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।)**

**<u>अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली</u>**
**<u>निदेशक कार्यालय</u>**

**फा.सं.40-30/**
**2022-स्था-I** **दिनांकः 20.09.2023**

**<u>कार्यालय ज्ञापन</u>**

**विषय : भारत सरकार के 'आयुष्मान भव' अभियान के एक भाग के रूप में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) का प्रचार-प्रसार करने संबंधी।**

भारत सरकार ने देश के हर गांव और शहर तक स्वास्थ्य सेवाओं की संतृप्ति कवरेज प्रदान करने के उद्देश्य से 'आयुष्मान भव' अभियान शुरू किया है। इस अभियान के एक भाग के रूप में, एम्स, नई दिल्ली की ओपीडी में आने वाले या यहां के रोगी वार्डों में भर्ती होने वाले सभी एबी-पीएमजेएवाई लाभार्थियों की पहचान और सुविधा सुनिश्चित करने तथा 'आयुष्मान भव' अभियान के सभी घटकों को सक्रिय रूप से बढ़ावा देने का निर्णय लिया गया है। तदनुसार, यह वांछित है कि:

- सामान्य वार्डों/डे-केयर में भर्ती होने वाले सभी रोगियों के जरूरी विवरणों को प्राप्त करने के लिए आयुष्मान मित्रों को रोगी भर्ती काउंटरों पर तैनात किया जाएगा ताकि उनकी एबी-पीएमजेएवाई कवरेज स्थिति की सक्रिय रूप से पुष्टि की जा सके। पंजीकरण प्रक्रिया में किसी भी देरी से बचने के लिए, आयुष्मान मित्र बाद में भर्ती रोगियों से उनके संबंधित वार्डों में मिलेंगे और यदि रोगी उनकी एबी-पीएमजेएवाई लाभार्थी स्थिति के बारे में नहीं जानते होंगे, तो वे उन्हें इसके बारे में सूचित करेंगे तथा एबी-पीएमजेएवाई योजना का लाभ लेने में उनकी सहायता भी करेंगे।
- एबी-पीएमजेएवाई, आभा आई.डी. आदि के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सभी संकाय-सदस्यों और रेज़िडेंटों के लिए मासिक प्रशिक्षण और संवेदीकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे।
- एकल विशिष्ट पहचानकर्ता के रूप में आभा आई.डी. के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा तथा एम्स, नई दिल्ली में आने वाले सभी रोगियों के लिए आभा आई.डी. अग्रसक्रियता से जनित की जाएगी।
- एम्स, नई दिल्ली में एबी-पीएमजेएवाई के बारे में, इसकी प्रक्रिया प्रवाह सहित, एक लघु शैक्षिक वीडियो सभी बाह्य रोगी और रोगी वार्ड क्षेत्रों में चलायी जाएगी।
- आयुष्मान भारत योजना के लाभों को प्रदर्शित करने वाले शैक्षिक पोस्टरों को पूरे एम्स में लगाया जाएगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि एम्स में आने वाले सभी रोगियों को इसके बारे में तथा एम्स, नई दिल्ली में इससे जुड़ी प्रक्रिया के बारे में पता है।
- मुख्य अस्पताल रक्त कोष, सी.एन. सेंटर रक्त कोष, जय प्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा केंद्र रक्त कोष तथा एनसीआई झज्जर रक्त कोष मासिक रूप से

आंतरिक/आउटरीच रक्तदान शिविर आयोजित करेंगे और सक्रिय रूप से स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देंगे।

- अंग दान के लिए जागरूकता संबंधित गतिविधियाँ एम्स, नई दिल्ली के सभी नैदानिक उपचार क्षेत्रों, प्रतीक्षा कक्षों आदि में संवर्धित तरीके से आयोजित की जाएंगी ताकि अधिक संख्या में लोग अंग-दान के लिए प्रतिबद्ध हो सकें।

**कार्रवाई : सभी केंद्र प्रमुखगण; चिकित्सा अधीक्षक (अस्पताल); सभी विभागाध्यक्षगण; प्रभारी-आचार्य आयुष्मान भारत; प्रभारी-आचार्य ऑर्बो**

**प्रो. एम श्रीनिवास**
निदेशक

**वितरणः** (इस अनुरोध के साथ कि इसे अपने अधीनस्थ सभी अधिकारीगण को भी परिचालित किया जाए।)

- संकायाध्यक्षगण (शैक्षिक, अनुसंधान, परीक्षा)
- अपर निदेशक (प्रशासन)
- चिकित्सा अधीक्षक (एम्स)
- सभी केंद्र प्रमुखगण/अध्यक्ष, एन.सी.आई., झज्जर
- सभी विभागाध्यक्षगण
- वरिष्ठ वित्त सलाहकार
- उप-सचिव

**(नोटः- किसी भी विवाद की स्थिति में इस कार्यालय ज्ञापन का अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।)**

**निदेशक कार्यालय**

**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान**

**अंसारी नगर, नई दिल्ली-110029**

फा.सं. 40-30/2022-स्था.-I(नि.का.) दिनांक: 02 सितम्बर,2023

**<u>कार्यालय ज्ञापन</u>**

**विषय: आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत सेवाओं <u>को सुव्यवस्थित करने संबंधी।</u>**

एम्स, नई दिल्ली द्वारा आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत रोगियों को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराई जा रही है। भारत सरकार द्वारा परिकल्पित उक्त योजना के लाभों को बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं ताकि एम्स, नई दिल्ली में आने वाले सभी रोगियों को यथासंभव लाभ प्रदान किया जा सके।

आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत सेवाओं को और अधिक सुव्यवस्थित करने के लिए, एम्स, नई दिल्ली में उक्त योजना के कार्यान्वयन हेतु मौजूदा व्यवस्था के अतिरिक्त प्रो. वी.के. बंसल, आचार्य, सर्जरी विभाग को प्रभारी-आचार्य के रूप में पदनामित करने का निर्णय लिया गया है। एम्स, नई दिल्ली में इस योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु सभी नीतिगत निर्णयों के लिए प्रभारी-आचार्य (एबी-पीएमजेएवाई) ही आधिकारिक नोडल प्रभारी होंगें।

**(प्रो. एम. श्रीनिवास)**

निदेशक

**वितरण:** (इसे अपने नियंत्रणाधीन सभी अधिकारियों को भी परिचालित करने के अनुरोध के साथ)

- संकायाध्यक्षगण (शैक्षिक, अनुसंधान, परीक्षा)
- अपर निदेशक (प्रशासन)
- चिकित्सा अधीक्षक (एम्स)
- सभी केंद्र प्रमुखगण/अध्यक्ष, एन.सी.आई. झज्जर
- सभी विभागाध्यक्षगण
- वरिष्ठ वित्त सलाहकार
- उप-सचिव
- प्रभारी-आचार्य, कंप्यूटर सुविधा

**नोट-किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में इस कार्यालय ज्ञापन का अंग्रेजी पाठ मान्य होगा**

# <u>अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली</u>
## <u>निदेशक कार्यालय</u>

फा.सं.40-30/2022-स्था.I                                                                 दिनांक 15.11.2022

## <u>कार्यालय ज्ञापन</u>

**विषयः ओ.पी.डी. पंजीकरण और रोगी के स्वास्थ्य रिकॉर्ड को साझा करने के लिए आयुष्मान <u>भारत स्वास्थ्य खाता (आभा) आई.डी. के उपयोग को बढ़ाने संबंधी।</u>**

यह देखा गया है कि एम्स ओ.पी.डी. में आने वाले रोगी, पंजीकरण के लिए लंबी कतारों में खड़े रहते हैं और उनमें से कई रोगियों के पास **आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (आभा)** उपलब्ध होने के बावजूद भी उनकी पंजीकरण के लिए मैनुअल प्रविष्टि की जा रही है। साथ ही, पंजीकरण के लिए आभा आई.डी. का उपयोग करते समय ओ.टी.पी. आने में भी अक्सर देरी होती है और ओ.टी.पी.को पुनः भेजने का अधिकतम प्रयास भी 3 बार तक सीमित होता है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एन.एच.ए.) के **स्कैन और शेयर** क्यूआर कोड समाधान ने ओ.पी.डी. में रोगियों के पंजीकरण में लगने वाले समय को कम करने में आशाजनक परिणाम दिखाए हैं तथा अस्पताल पहुंचने पर रोगी की यात्रा को सुव्यवस्थित करने में भी मदद की है। इसके अलावा, उक्त समाधान बायोमेट्रिक और मुख प्रमाणीकरण (फेस ऑथेंटिकेशन) युक्त है, जिसके द्वारा आभा आई.डी. संबंधी विवरण भी साझा हो सकता है।

तद्नुसार, एम्स में नए और फॉलो-अप रोगियों के ओ.पी.डी. पंजीकरण के लिए आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (आभा) आई.डी. के उपयोग को बढ़ावा देने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए एम्स की सभी ओ.पी.डी. में एन.एच.ए. के स्कैन और शेयर क्यूआर कोड समाधान को अपनाना होगा, ताकि अस्पताल में रोगी के आने पर त्वरित पंजीकरण की सुविधा और पंजीकरण कतार संख्या प्रदान की जा सके। जिन रोगियों के पास स्मार्टफोन नहीं है, उनके लिए आभा आई.डी. बनाने की सुविधा के लिए निर्धारित काउंटर और कियोस्क कम से कम सुबह 7 बजे से रात 10 तक कार्यरत रहेंगे ताकि आभा आई.डी. के निर्माण को बढ़ावा मिल सके। इस परियोजना को नई राजकुमारी अमृत कौर ओ.पी.डी. में 21 नवंबर 2022 से प्रायोगिक तौर पर शुरू किया जाएगा और दिनांक 1 जनवरी, 2023 से एम्स नई दिल्ली की सभी ओ.पी.डी. में मिशन मोड में संचालित किया जाएगा।

**कार्रवाईः सभी केंद्रों के प्रमुखगण; चिकित्सा अधीक्षक; प्रभारी संकाय, नई आर.ए.के., ओ.पी.डी.**

आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (आभा) आई.डी. के उपयोग के मामले को और बढ़ाने के लिए, 'व्यक्तिगत स्वास्थ्य रिकॉर्ड' (पी.एच.आर.) अनुप्रयोगों के उपयोग से स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के साथ रोगियों के डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड के क्यूआर कोड आधारित साझाकरण

प्रणाली (शेयरिंग) को भी सक्षम किया जाएगा। ई-अस्पताल पद्धति को भी एन.एच.ए. की रूपरेखा के साथ एकीकृत किया जाएगा, ताकि मरीजों को **'डिजिलॉकर'** दस्तावेज़ वॉलेट में अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड जैसे दवाई संबंधी निर्देश, प्रयोगशाला रिपोर्ट, डिस्चार्ज सारांश, टीकाकरण संबंधी रिकॉर्ड इत्यादि को रखने की अनुमति मिल सके।

**कार्रवाईः पी.आई.सी.एफः एन.आई.सी.**

स्कैन और शेयर का उपयोग करते हुएओ.पी.डी. पंजीकरण प्रक्रिया और क्यूआर कोड इत्यादि के माध्यम से मेडिकल रिकॉर्ड साझा करने के साथ-साथ आभा आई.डी. की अन्य कार्यात्मकताओं का प्रदर्शन करने वाला एक वीडियो सी.एम.ई.टी. द्वारा 30 नवंबर, 2022 तक कंप्यूटर सुविधा के परामर्श से तैयार किया जाएगा। यह वीडियो सभी ओ.पी.डी. और प्रतीक्षालयों में चलाया जाएगा।

**कार्रवाई: प्रभारी आचार्य सी.एम.ई.टी.; डॉ. विवेक गुप्ता, कंप्यूटर सुविधा**

**प्रो.एम. श्रीनिवास**
निदेशक

**वितरण:** (इस अनुरोध के साथ कि इसे सभी अधीनस्थ अधिकारीगण को भी परिचालित किया जाए)

1. संकायाध्यक्षगण (शैक्षिक, अनुसंधान, परीक्षा)
2. अपर निदेशक (प्रशा.)
3. चिकित्सा अधीक्षक (एम्स)
4. सभी केंद्रों के प्रमुखगण/अध्यक्ष, एन.सी.आई. झज्जर
5. सभी विभागाध्यक्षगण
6. वरिष्ठ वित्त सलाहकार
7. प्रभारी आचार्य, सी.एम.ई.टी
8. प्रभारी आचार्य, कंप्यूटर सुविधा
9. प्रभारी संकाय, नई राजकुमारी अमृत कौर ओ.पी.डी.
10. अधीक्षण अभियंता।

**ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES, NEW DELHI**
**OFFICE OF DIRECTOR**

F.No. 40-30/2022-Estt.I 03.02.2024

**OFFICE ORDER**

**Sub: Establishment of 'Ayushman Suvidha Kendras" in AIIMS New Delhi reg.**

AIIMS New Delhi is committed to the promotion of Ayushman Bharat Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana (AB-PMJAY) and has taken various pro-active steps towards the same (copies of relevant OM's attached).

Now to further facilitate the services under the AB-PMJAY scheme, it has been decided to operationalize 'Ayushman Suvidha Kendra (ASK)" in all Blocks & Centres of AIIMS New Delhi by 31st March 2024. These 'Ayushman Suvidha Kendra's shall be located at an easily accessible location in the Block / Centre and shall be the single point of contact for all patients and their attendants for availing benefits under the AB-PMJAY scheme. The 'ASK' shall be manned by 'Ayushman Mitras' on 24x7 basis and shall have all facilities to verify the AB-PMJAY coverage status of patients visiting the respective block / centre and to extend all services under AB-PMJAY to the scheme beneficiaries.

**[Action: PIC – (AB-PMJAY)]**

3/2/2024
**Prof. M Srinivas**
Director

**Distribution** (with a request to also circulate it to all officials under their control)

1. Dean/s (Academic, Research, Examination)
2. Addl. Director (Admin)
3. Medical Superintendent (AIIMS)
4. Chiefs' of all Centres / Head, NCI Jhajjar
5. Heads' of all Departments
6. Sr. Financial Advisor
7. Prof. I/c Computer Facility

**ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES, NEW DELHI**
**OFFICE OF DIRECTOR**

F.No. 40-30/2022-Estt.I 15.11.2022

**OFFICE MEMORANDUM**

**Sub: Promotion of Ayushman Bharat Health Account (ABHA) ID for OPD Registration & sharing of patient health records reg.**

It has been noted that patients visiting AIIMS OPD's are standing in long queues for registration and there is manual entry of patient demographics being done for registration despite the availability of **Ayushman Bharat Health Account (ABHA)** with many patients. Also, at the time of registration by using ABHA ID, often OTP is delayed and maximum attempts to resend the OTP is also limited to 3 times.

**Scan & Share** QR Code solution of National Health Authority (NHA) has shown promising results in reducing the time taken for registration of patients in the OPD & has also helped in streamlining the patient journey on arrival at the Hospital. Also, the said solution is biometric & face authentication enabled to allow sharing of ABHA ID details.

Accordingly, it has been decided to promote the use of Ayushman Bharat Health Account (ABHA) ID for OPD Registration of new & follow up patients at AIIMS. This shall entail adoption of Scan & Share QR Code solution of NHA in all OPDs of AIIMS so as to facilitate quick registration & to provide a registration queue number to the patient on his arrival at the Hospital. To facilitate creation of ABHA ID for patients who do not have a smartphone, dedicated counters & kiosks shall be operated from atleast 7 A.M. – 10 P.M. to promote creation of ABHA ID's. This project shall be piloted in the new RAK OPD w.e.f. 21$^{st}$ November 2022 & shall be taken up in a mission mode w.e.f. 1$^{st}$ January 2023 across all OPDs of AIIMS New Delhi.

**Action: Chief's of all Centres; Medical Superintendent; F I/c New RAK OPD**

To further enhance the use case of ABHA ID, QR Code based sharing of digital health records of patients with healthcare professionals shall also be enabled by use of 'Personal Health Record' (PHR) applications. eHospital shall also be integrated with appropriate framework of NHA so as to allow patients to store their health records like prescriptions, lab reports, discharge summaries, vaccination records, etc. in the 'Digilocker' document wallet.

**Action: PICF; NIC**

A video demonstrating the OPD registration process using Scan & Share and other functionalities of ABHA ID including sharing of medical records via QR codes, etc. shall be prepared by CMET in consultation with the computer facility by 30th November 2022. This video shall be played in all OPD's & waiting areas.

**Action: Prof. I/c CMET; Dr. Vivek Gupta, CF**

15/11/2022
**Prof. M Srinivas**
Director

**Distribution** (with a request to also circulate it to all officials under their control)

1. Dean/s (Academic, Research, Examination)
2. Addl. Director (Admin)
3. Medical Superintendent (AIIMS)
4. Chiefs' of all Centres / Head, NCI Jhajjar
5. Heads' of all Departments
6. Sr. Financial Advisor
7. Prof. I/c CMET
8. Prof. I/c Computer Facility
9. F/Ic New RAK OPD
10. Superintendent Engineer

# OFFICE OF THE DIRECTOR
## ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES
## Ansari Nagar, New Delhi-110029

F. No.40-30/2022-Estt.-I(DO) Dated: 02nd September, 2023

**OFFICE MEMORANDUM**

**Subject: Streamlining of services under Ayushman Bharat Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana (AB-PMJAY).**

AIIMS New Delhi is providing health services to the patients under the Ayushman Bharat Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana (AB-PMJAY). Numerous steps have been taken to increase the benefits of the said scheme as envisaged by Govt. of India to all possible beneficiaries visiting AIIMS New Delhi.

To further streamline the services under the AB-PMJAY scheme, it has been decided to designate Prof. V K Bansal, Prof. of Surgery as Prof. Incharge (PIC) for the implementation of the said scheme at AIIMS New Delhi, in addition to the existing arrangements. PIC (AB-PMJAY) shall be the nodal official incharge for all policy decisions regarding the successful implementation of this scheme at AIIMS New Delhi.

2/9/2023

**( Prof. M Srinivas )**
Director

**Distribution** *(with a request to also circulate it to all officials under their control)*

- Dean/s (Academic, Research, Examination)
- Addl. Director (Admin)
- Medical Superintendent (AIIMS)
- Chiefs' of all Centres / Head, NCI Jhajjar
- Heads' of all Departments
- Sr. Financial Advisor
- Deputy Secretary
- Prof. I/c Computer Facility

**ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES, NEW DELHI**
**OFFICE OF DIRECTOR**

F.No. 40-30/2022-Estt.I 20.09.2023

**OFFICE MEMORANDUM**

**Sub: Promotion of Ayushman Bharat Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana (AB PM-JAY) as a part of 'Ayushman Bhav' Campaign of Govt. of India**

Govt. of India has launched the 'Ayushman Bhav' campaign with an aim to provide saturation coverage of healthcare services, reaching every village and town in the Country. As a part of this campaign, it has been decided to ensure identification & facilitation of all AB-PMJAY beneficiaries visiting the OPDs of AIIMS New Delhi or getting admitted to the inpatient wards herein and to actively promote all the components of the 'Ayushman Bhav' campaign. Accordingly, it is desired that:

- Ayushman Mitras shall be posted at the patient admission counters to capture the relevant details of all patients being admitted in general wards / day care so as to proactively confirm their AB-PMJAY coverage status. To avoid any delay in the registration process, the Ayushman Mitras shall subsequently visit the admitted patients in their respective wards to inform them of their AB-PMJAY beneficiary status if they were unaware of the same and assist them in taking the benefit of the the AB-PMJAY scheme as well.
- Monthly training & sensitization sessions shall be organized for all faculty & residents to increase the awareness of AB-PMJAY, ABHA ID, etc. amongst them.
- Use of ABHA ID as the single unique identifier shall be promoted and ABHA ID's shall be proactively generated for all patients visiting AIIMS New Delhi.
- A short educational video regarding the AB-PMJAY including its process flow at AIIMS New Delhi shall be played in all outpatient and inpatient areas.
- Educational posters displaying the benefits of Ayushman Bharat Scheme shall be displayed across AIIMS so as to ensure all patients visiting AIIMS are aware of the same and the linked process at AIIMS New Delhi
- Main Hospital Blood Bank, CN Center Blood Bank, JPNATC Trauma Center Blood Bank & NCI Jhajjar Blood Bank shall conduct monthly inhouse / outreach blood donation camps and shall actively promote voluntary blood donation.
- Awareness activities for Organ Donation shall be conducted in an augmented manner in all clinical care areas, waiting rooms, etc. at AIIMS New Delhi so as to have more number of persons pledging for organ donation.

**Action: Chiefs of all Centers; Medical Superientendent (Hospital); Head of all Departments; Prof. I/c Ayushman Bharat; Prof. I/c ORBO**

20/9/2023

**Prof. M Srinivas**
Director

**Distribution** (with a request to also circulate it to all officials under their control)

1. Dean/s (Academic, Research, Examination)
2. Addl. Director (Admin)
3. Medical Superintendent (AIIMS)
4. Chiefs' of all Centres / Head, NCI Jhajjar
5. Heads' of all Departments
6. Sr. Financial Advisor
7. Deputy Secretary